प्रधानमंत्री ने संसद के सदस्यों हेतु बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 2020: प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से संसद के सदस्यों हेतु डॉ0 बी.डी. मार्ग, नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित 76 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री प्रहलाद जोशी; केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी; आवास समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री सी.आर. पाटिल, संसद सदस्यगण और विभिन्न अन्य विशिष्टगण भी उपस्थित रहे।

बहुमंजिला फ्लैटों का उदघाटन करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के लिए इन आवासीय सुविधाओं के आबंटन से उनके सामने आ रही आवास की कमी का समाधान करने में बहुत मदद मिलेगी। इस बात का उल्लेख करते हुए कि यह आवासीय परियोजना सरकार द्वारा दिल्ली में की जा रही ऐसी पहलों की श्रृखंला का केवल एक कदम है, श्री मोदी ने यह आशा व्यक्त की कि सभी आधुनिक सुविधाओं, हरित भवन की अवधारणा, ऊर्जा बचत के उपायों, वर्षा जल संचयन आदि से सुसज्जित यह फ्लैट सांसदों को स्वस्थ, संतुष्ट और उनके दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने में सहायक सिद्ध होंगे।

श्री मोदी ने इन फ्लैटों को निर्धारित समय में सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ-साथ इनकी गुणवत्ता और इनके निर्माण में बचत सुनिश्चित करने के लिए लोक सभा के अध्यक्ष, श्री ओम बिरला की प्रशंसा की। उन्होंने सत्रहवीं लोक सभा के दौरान संसद के कार्यकरण में एक नई कार्य संस्कृति का सूत्रपात करने के लिए भी श्री बिरला की प्रशंसा की, जिससे सत्रों के दौरान उत्पादकता में रिकॉर्ड वृद्धि हुई और विधेयकों पर चर्चा के दौरान सदस्यों की अधिक भागीदारी भी सुनिश्चित हुई। श्री मोदी ने सभी सांसदों द्वारा किये गये बहुमूल्य योगदानों की भी सराहना की, जिनके सामूहिक प्रयासों से 'संसदीय विधान के कानूनों के साथ-साथ प्रक्रिया' दोनों पर ही ध्यान देने और इनके विकास में सहायता मिली है।

इससे पहले इस अवसर पर बोलते हुए लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने इन फ्लैटों का उदघाटन करने हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और दिल्ली में सांसदों की आवास संबंधी आवश्यकताओं से संबधित सभी मुद्दों का व्यवस्थित ढंग से समाधान सुनिश्चित करने में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की। इस बात का उल्लेख करते हुए कि सांसदों हेतु समुचित आवासीय सुविधाओं की आवश्यकता एक लम्बे समय से महसूस की जा रही थी, श्री बिरला ने कहा कि मौजूदा संरचनायें काफी पुरानी और जीर्ण हो चुकी थी, जिनकी अनुरक्षण की लागत भी काफी अधिक थी। आवासीय सुविधाओं की कमी के कारण बहुत से सदस्यों को आवास प्राप्त करने के लिए लगभग एक वर्ष प्रतीक्षा करनी पड़ती थी और इस दौरान उन्हें होटलों में रहना पड़ता था, जिसकी बहुत अधिक लागत आती

थी और उन्हें अत्यधिक असुविधा भी होती थी। श्री बिरला ने कहा कि सदस्यों के घरों में अक्सर उनके निर्वाचन क्षेत्रों से आने वाले लोग ठहरते हैं और ऐसी समुचित सुविधायें उपलब्ध कराने की लगातार जरूरत बनी हुई थी। गंगा, यमुना और सरस्वती नाम की तीन प्राचीन नदियों के नाम पर बने तीन टॉवरों में स्थित इन 76 बहुमंजिला फ्लैटों के निर्माण से सांसदों की आवास संबंधी जरूरतों का समाधान होगा।

इससे पहले आवास समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री सी.आर. पाटिल ने उद्घाटन कार्यक्रम में स्वागत भाषण दिया।

इस परियोजना की आधारशिला तत्कालीन लोक सभा अध्यक्ष द्वारा 07.02.2018 को रखी गई थी और वास्तविक निर्माण कार्य दिनांक 20.08.2018 को आरंभ हुआ था। 218 करोड़ रूपये की अनुमानित स्वीकृत राशि की तुलना में इन 76 फ्लैटों पर लगभग 188 करोड़ रूपये का व्यय किया गया। तीन टॉवरों में मौजूद इन 76 बहुमंजिला फ्लैटों को डॉ0 बी.डी. मार्ग पर स्थित 08 बंगलों को ध्वस्त कर निर्मित किया गया है। प्रत्येक टॉवर में 13 मंजिलें हैं, जिसमें प्रत्येक मंजिल पर 2 फ्लैट हैं। 'यमुना' और 'सरस्वती' नामक टॉवरों में प्रत्येक में 26 फ्लैट हैं जबकि 'गंगा' टॉवर में 24 फ्लैट हैं।

ये फ्लैट पाईप के माध्यम से गैस आपूर्ति, फायर डिटैक्टर, सीसी टीवी कैमरा और सुरक्षा के उद्देश्य से प्रवेश द्वार पर वीडियो फोन, ऊर्जा दक्ष एलईडी फिटिंग सुविधाओं से लैस हैं। इनमें कमरे में उपस्थिति के अनुसार लाइट को नियंत्रित करने वाले सेंसर, कम ऊर्जा खपत के लिए वीआरवी प्रणाली वाले एयर कंडीशनर और ऊष्मा रोधन वाली डबल गेज्ड खिड़किंया भी मौजूद हैं। इनके अलावा, फ्लैटों में परिसर के भीतर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था है। परिसर में वर्षा जल संचयन प्रणाली, छत पर सौर संयंत्र, सामुदायिक कक्ष के प्रबंध भी किए गए हैं। फ्लैटों के निर्माण में ध्वस्त मलबे से बनी ईंटों का उपयोग करने सहित हरित भवन संबंधी सभी पहलें की गई हैं।